## सार-समाचार

### बस चालक की बेटी के विवाह हेतु 51,000 का कन्यादान

**पाटन** (निसं)। गुढ़ा पब्लिक स्कूल ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, अपने विद्यालय में कार्यरत बस चालक उम्मेद सिंह (गांव-राजनगर) की बेटी के विवाह में कन्यादान के रूप में 51,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की। यह सहायता विद्यालय प्रबंधन द्वारा एक गरिमामयी समारोह के दौरान उम्मेद सिंह के परिवार को सौंपकर समाज में सहयोग और संवेदनशीलता का आदर्श प्रस्तुत किया गया। इस प्रेरणादायक पहल का नेतृत्व विद्यालय के चेयरमैन सम्पत बेनीवाल ने किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा, हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं है, बल्कि हम अपने समस्त स्टाफ को एक परिवार की तरह साथ लेकर चलते हैं। हर सुख और दुख में सहभागी बनना हमारी संस्कृति है। समारोह में विद्यालय के निदेशक के. सत्येन्द्र जांगिड़, प्राचार्य डॉ. पी. के. भाटी, प्रशासक अजय धायल, परिवहन प्रभारी रमेश लाठर व बस्ती राम, और सिरोही सरपंच जे. पी. कसवा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने गुढ़ा पब्लिक स्कूल की इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम समाज में आपसी सहयोग और संवेदनशीलता को बढ़ावा देता है। गुढ़ा पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर यह साबित किया है कि शैक्षिणक संस्थाओं का दायरा केवल शिक्षा तक सीमित नहीं होता, बल्कि वे समाज के प्रति अपने दायित्वों का भी निष्ठा से निर्वहन करती हैं। गुढ़ा पब्लिक स्कूल निरंतर शिक्षा, सेवा, और सामाजिक संवेदनशीलता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है।

### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

**उदयपुरवाटी** (निसं)। कस्बे में रविवार को सांय 5 बजे भाजपा का 46वां स्थापना दिवस समारोह शिशु वाटिका सभागार में शहर मंडल अध्यक्ष एडवोकेट लक्ष्मण राम सैनी के नेतृत्व में मनाया गया। मुख्य वक्ता के रूप में गिरधारी लाल राठी ने स्थापना दिवस पर प्रकाश डालते हुए पार्टी की रीति नीति के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष एडवोकेट लक्ष्मण राम सैनी ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि सभी अपने-अपने घरों पर भारतीय जनता पार्टी का झंडा फहराकर फोटो अपलोड करने के लिए कार्यकर्ताओं को कहा ।तथा पार्टी के सात दिवसीय कार्य योजना को विधिवत रूप से कार्यकर्ताओं को समझाया ।इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष गीदाराम सैनी मंडल महामंत्री राजेंद्र ढेनवाल पूर्व महामंत्री जबर सिंह शेखावत पार्षद घनश्याम स्वामी तेजस छिपा बूथ अध्यक्ष विजय कुमार चेजारा मुकेश मीणा ओमप्रकाश सैनी आनंद सैनी पूर्व पार्षद एडवोकेट भंवरलाल सैनी कैलाश चंद सैनी विनोद कुमावत विकास सैन जगदीश प्रसाद सैनी गिरधारी लाल सैनी नानूराम वाल्मीकि पवन शाह धनाराम सैनी राजेश सैनी रामरतन शर्मा नर्सिंग असवाल सुमेर सिंह गुर्जर अंकित कुमार पवन कुमावत मनीष शाह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सात दिवसीय भाजपा कार्यक्रमों के लिए मंडल संयोजक अशोक कुमार सैनी सह संयोजक अनिकेत सैनी व प्रदीप कुमार को बनाया गया।

### महाकाली के जागरण में सैलाब उमड़ा

**चूरू** (निसं)। औद्योगिक क्षेत्र रोड नंबर 4 स्थित महाकाली धाम में महाकाली धाम सेवा संस्थान की ओर से 16वां विशाल रात्री जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में रतनगढ़ की कपिल शान एण्ड पार्टी के गायकारों ने एक से बढकर एक आकर्षक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित स्त्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में कलाकारों ने चौसठ जोगनी, काली कंकाली मैया, जोर मेरो चाले, रामापीर, तूने मुझे बुलाया मां शेरावाली सहित अनेक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। संस्था अध्यक्ष पुष्पदत गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ महाकाली की दिव्य ज्योत प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भक्तों ने संस्था अध्यक्ष पुष्पदत गुप्ता का माल्यार्पण कर व शॉल ओढाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर व्यवस्थापक तेजपाल गुप्ता, रोहित गुप्ता, कमल शर्मा, हार्दिक गुप्ता, अजीज खान, फरियाद खान, दीनदयाल लोहा, राजू माहिचा व मोंटी माहिचा सहित बड़ी संख्या में षहर के गणमान्य जन व धर्मप्रेमी सज्जन उपस्थित थे। संस्था संरक्षक शिवपूजन गुप्ता ने आगंतुक श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

### राम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली

**तारानगर** (निसं)। तारानगर में कस्बेवासियों ने भगवानराम का जन्मोत्सव बडी धूमधाम से मनाया। कस्बेवासियों ने क्षेत्र के अहिंसा द्वार से लेकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए चंदन विहार तक शोभा यात्रा निकाली। लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र झाझड़िया एवं विधानसभा प्रत्याशी भाजपा नेता राकेश जांगिड़, शहर नगर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, जमरदीन तेली, गुरुकुल के सुभाष चारण, पूर्व नगर अध्यक्ष विशाल शर्मा सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर व श्री राम के जयकारों के से शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में राम भक्तों, महिलाओं सहित युवाओं ने हिस्सा लिया। भगवान राम की धुन पर थिरकते लोग व फूल बरसाकर स्वागत कर रहे विभिन्न संगठनों के लोगों ने शोभायात्रा को और भक्तिमय बना दिया। तारानगर डीएसपी रोहित सांखला के नेतृत्व में तारानगर थानाधिकारी गौरव खिड़िया व उनकी टीम की पुलिस व्यवस्था काबिले तारीफ़ रही। इस मोके पर हरी इंदौरिया, सुशील सरावगी, लीलाधर बगोरिया, वीर बहादुर सिँह राठौड़, राकेश टाक, कैलाश चाचान, मान सिँह सैनी, सुदर्शन सबलानिया, नरपत सिंह राजपुरोहित, जीतू सिँह राठौड़, नरेश झाझड़िया, राजेंद्र जोइया सहित कस्बे के सैकडों लोगों ने शोभायात्रा में भाग लिया।

### श्रीराम जन्मोत्सव मनाया

**चूरू** (निसं)। श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में स्थानीय श्री राम मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर के प्रमोद कुमार मंडावेवाला ने बताया कि सुबह मंगल आरती के बाद संत भोले बाबा के सानिध्य में शहर में निकलने वाली प्रभात फेरियों का समागम रविवार को श्री राम मंदिर में हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला-पुरुष व बच्चों ने श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम के दर्षन किये। इस दौरान भव्य कीर्तन किया गया। दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम के विग्रह का पूजन किया गया व सीमा मंडावेवाला व ललित मंडावेवाला द्वारा दल बजाकर भगवान के जन्मोत्सव की खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर संत भोले बाबा के मुख्य आतिथ्य में फुसाराम पुजारी व मुकेश पुजारी ने विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान श्रीराम की महाआरती करायी। इस अवसर पर श्याम सुंदर मंडावेवाला व राजेश मंडावेवाला ने प्रगट कृपाला दीन दयाला की आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। आरती में बड़ी संख्या में शहर के महिला-पुरूष उपस्थित थे।

### जीण माता मंदिर में भजनों की स्वर लहरियां बही

**चूरू** (निसं)। स्थानीय धर्म स्तूप के पास स्थित जीण माता मंदिर में कालूराम प्रजापत की स्मृति में शनिवार रात्रि को भव्य जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 1100 दीपों की महाआरती से किया गया। कार्यक्रम का आगाज कलाकारों ने गणेश वंदना कर किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने 51 किलो लड्डू का भोग लगाकर मां भवानी को रिझाया। कार्यक्रम में सरदारशहर की पिंकी पारीक, चूरू के मेहुल शर्मा, राकेश दाधीच, अनुज गोयल, आशीष शर्मा, श्यामलाल उपाध्याय व सुरेश निराणिया ने एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुती देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मातुराम, विनोद कुमार, महेश कुमार, मनोज कुमार, बजरंग लाल प्रजापत, सौम्य, राहुल, पंडित राम प्रताप शर्मा सहित बडी संख्या में शहर के प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

### पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

**सीकर** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सीकर के निर्देशानुसार राजकीय डॉक्टर बी आर अंबेडकर बालक छात्रावास सीकर सेकंड के स्काउट मास्टर ओमप्रकाश रैगर के सानिध्य में स्काउटस द्वारा मूक बधीर पक्षियों के परिंडे लगाए गए, पेड़ों को पानी दिया,साफ सफाई का कार्य किया। इस कार्य में स्काउट हेमंत अलवरिया, सिद्धार्थ मीणा, कवि ओमलवरिया, रोहित पालीवाल शिवम मीणा, गुलशन, अनिल, अंकित, देवराज, बजरंग लाल, बृजेश, गौरव मीना, दीपांशु, कपिल, सोनू, सुनील, दिलखुश बुनकर, वीरेंद्र बुनकर ने सेवाएं प्रदान की एवं परिंढों में साफ-सफाई कर पानी भरने वह पेड़ो में पानी देने का कार्य करने का संकल्प लिया। बसंत कुमार लाटा सीओ स्काउट सीकर ने इस कार्य के लिए सराहना की।

# जय श्रीराम के नारों से गूंजायमान हुआ चूरू

**चूरू** (निसं)। शहर में रामनवमी पर्व रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम को लेकर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा इंद्रमणि पार्क से रवाना हुई। शोभायात्रा में नासिक का बैंड वादन मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा।

सांसद राहुल कस्वां और पूर्व सभापति पायल सैनी सहित कई राज नेताओं ने रैली में शिरकत की। शोभायात्रा के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर और पानी पिलाकर रैली का भव्य स्वागत किया। व्यापारियों ने भी छाछ, नींबू की शिकंजी और जलजीरा पिलाकर अपनी भागीदारी निभाई।

शोभायात्रा इंद्रमणि पार्क से रेलवे स्टेशन, नई सड़क, सुभाष चौक, सफेद घंटाघर, गढ़ चौराहा होते हुए श्रीराम मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में झांसी की रानी, छत्रपति शिवाजी महाराज और तांत्या टोपे की देशभक्ति से ओतप्रोत झांकियां हर किसी का मन मोह रही थी। अयोध्या के रामलला की मनमोहक झांकी ने भी लोगों का ध्यान खींचा।

■ नासिक का बैंड वादन और झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही

वहीं कार्यक्रम को देखकर पूरा चूरू षहर भगवामय हो गया और जय श्रीराम के नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। एसपी जय यादव ने स्वयं मोर्चा संभाला। दो ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से रैली की निगरानी की गई। दो एएसपी, एक डीएसपी, तीन इंस्पेक्टर, सात सब इंस्पेक्टर, दस एएसआई सहित 350 पुलिसकर्मियों और आरएसी का जाब्ता तैनात किया गया। सिविल वर्दी में भी पुलिसकर्मी रैली में शामिल हुये।



चूरू में निकाली भव्य शोभायात्रा पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर जिलेभर में कार्यक्रम हुए

**सीकर,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस 6 अप्रेल रविवार को संपूर्ण जिले में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया। सांवली चौराहे के पास जयपुर रोड स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता राज्यसभा सदस्य राजेंद्र कुमार गहलोत रहे। इस दौरान वक्ताओं ने पार्टी की स्थापना से लेकर अब तक के इतिहास पर प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता राज्यसभा सदस्य राजेंद्र कुमार गहलोत ने कहा कि पार्टी के स्थापना के समय जो बीज पार्टी के संस्थापकों ने बोया था वो आज वट वृक्ष के रूप में स्थापित हो गया है। कहा कि पार्टी की स्थापना के समय प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष बने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा कि एक दिन भारत में भाजपा की सरकार बनेगी। इसके बाद वे स्वयं तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने और आज नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में सेवक बन कर कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों व सरकार में सर्वजन सुखाय के सिद्धांत पर कार्य करने के कारण ही केंद्र व अधिकांश राज्यों में भाजपा की सरकार है। कहा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी कार्यकर्ताओं की बदौलत ही है। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ने कहा कि पार्टी की स्थापना पर संपूर्ण जिले में बूथ स्तर तक सेवा के कार्य किए गये हैं। कार्यकर्ताओं ने घरों में झंडे लगाये हैं, मिठाईयां बांटी है। कहा कि आगामी दिनों में पार्टी की स्थापना के समय को सेवा दिवस के रूप में मनाएंगे। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि पार्टी के संस्थापकों को तो आज के समय के लोगों ने बहुत कम देखा है। उनको जानने के लिए उनके इतिहास को पढ़ना चाहिए। जिससे हमें उनके बारे में जानकारी हो सके। संगोष्ठी को पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, विष्णु चेतानी व इंद्रा चौधरी, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी व केडी बाबर, वरिष्ठ नेता रामेश्वर लाल रणवां आदि ने भी संबोधित करते हुए पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डाला।

पार्टी के स्थापना दिवस पर जिला कार्यालय को आकर्षक सजाया गया। कार्यकर्ताओं को मिठाई बांटकर आपस में एक दूसरे को स्थापना दिवस की मिठाई बांटी गई। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक रतनलाल सैनी, जितेंद्र सिंह कारंगा, राजेंद्र सिंह धीरजपुरा, अशोक चौधरी, ममता मुंडोतिया, तेजप्रकाश सैनी, भागीरथ गोदारा, नंदकिशोर सैनी, श्रीहरि बियाणी, महेश खोखर, राजेश रोलन, जितेंद्र माथुर, भंवरी खोखर, जितेंद्र जोशी, भंवरलाल जांगिड़ आदि मौजूद रहे।

# मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम की विशाल शोभायात्रा निकाली

**बीदासर** (निसं)। कस्बे में रामनवमी के उपलक्ष में रविवार को विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल एवं सभी हिन्दू संगठनों की सहभागिता से कस्बे के सीकर नोखा रोड स्थित राणी सती मंदिर से सैकडों की संख्या में ओम् अंकित भगवा ध्वजाओं, भगवान श्रीराम, बजरंग बली व अन्य देवी देवताओं की झांकियों के साथ मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बैंड बाजे, रथ, बग्गी, घोडी, ऊँट व डीजे के साथ सैकडों की संख्या में युवाओं की रैली कस्बे के मुख्य मार्गों से निकली तो देखने के लिए जगह-जगह जन सैलाब उमड़ पड़ा। विशाल शोभायात्रा में घर-घर भगवा छाएगा रामराज फिर आयेगा, राजतिलक की करो तैयारी आ रहे हैं भगवाधारी, वंदे मातरम, जय श्रीराम जय श्रीराम आदि उद्घोषों से पूरा कस्बा गुंजायमान हो उठा। सैकडों की संख्या में जब युवाओं ने हाथों में केसरिया ध्वज के साथ पैदल व वाहनों के साथ सवार होकर रैली निकाली तो पूरा कस्बा भगवा रंग में रंग गया। शोभायात्रा मुख्य मार्गों से गुजरी तो सैकड़ो की संख्या में खड़े लोगो ने पुष्प वर्षा की तथा इस अवसर पर आतिशबाजी भी की गई। शोभायात्रा के दौरान अनेक मौहल्लों में घरों के आगे रंगोलियां बनाकर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

■ सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने हाथों में केसरिया ध्वज के साथ पैदल व वाहनों के साथ सवार होकर रैली निकाली

शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए बाल बाडी भवन के पास सम्पन हुई। शोभायात्रा में विहिप के जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह राजपुरोहित, संजय कुमार मोदी, धनराज सैन, गढ़ के ठाकुर किशन राज सिंह व राज कुमार सहित सैकडों की संख्या में लोग पैदल रैली में शामिल हुए। शोभायात्रा को लेकर एएसपी दिनेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक प्रहलाद राय, थानाधिकारी कैलाश चंद यादव सहित सांडवा, छापर व सुजानगढ थानों से पहुंचे पुलिसकर्मी चाक चौबंद रहे।

चूरू पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज में शनिवार को तीन दिवसीय एस्ट्रोन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. एम.एम. पुकार ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डीबी अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी व आचार्य डॉ. रमाकांत वर्मा थे। इस दौरान हुई सांस्कृतिक संध्या में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में समां बांध दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और फैकल्टी ने नृत्य व गायन में भाग लेकर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिये। इस अवसर में विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, गायन व अभिनय की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में डॉ. संदीप कुल्हरी, डॉ. अजीत गढ़वाल, डॉ. विकास देवड़ा, डॉ. शशिधर हरव्याशी, डॉ. दिनेश मील सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# चयनित विद्यालयों का जिला कमेटी ने निरीक्षण किया

**सीकर** (निसं)। जिले मे 7 वें चरण की पीएम श्री विद्यालयों के चयन के लिए 5 अप्रेल एवं 6 अप्रेल को चयनित विद्यालयों का जिला कमेटी द्वारा निरीक्षण किया गया।

एस पी डी एवं आयुक्त अनुपमा जोरवाल राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार जिले में सातवें चरण की पीएम श्री विद्यालयों के चयन के लिए समस्त 12 ब्लॉक एवं शहरी क्षेत्र की चयनित होने वाली 14 पीएम श्री विद्यालयों के लिए 5 एवं 6 अप्रेल को गठित दल द्वारा निरीक्षण किया गया विद्यालय के द्वारा स्वयं आवेदन, प्रस्तुत पत्रावाली तथा प्रारूप मूल्यांकन पश्चात मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित ब्लॉक टीम के निरीक्षण मूल्यांकन पश्चात् वरीयता निर्धारित की जाकर प्रस्ताव जिला कार्यालय को प्रेषित किये गए ।

जिला स्तरीय टीम जिसमें मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, राज्य स्तर से नामित प्रतिनिधि उप निदेशक डीईओ प्रारंभिक एवं माध्यमिक द्वारा निरीक्षण किया गया।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर निर्धारित विद्यालयों का जिला स्तरीय टीम द्वारा विद्यालय मे भौतिक संसाधन, प्रमुख सुविधाओ, गतिविधियों उपलब्धियों, नामांकन तथा योजनाओं का अवलोकन कियागया। 5अप्रेल को जिला स्तरीय टीम द्वारा ब्लॉक दांता रामगढ़, पलसाना, सीकर शहर, धोद, लक्ष्मणगढ़ , नेछवा एवं फतेहपुर का निरीक्षण किया गया।

6 अप्रेल को ब्लॉक नीमकाथाना, पाटन, अजीतगढ़, श्रीमाधोपुर एवम खंडेला की प्रथम तीन वरीयता वाले विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल मे एडीपीसी समग्र शिक्षा राकेश कुमार लाटा, दल मे परिषद से प्रतिनिधि उप निदेशक दिलीप कुमार शर्मा, डी ई ओ शीशराम कुल्हरी, ए पी सी रामेश्वर लाल बिजारनिया संबधित ब्लॉक के सीबी ई ओ, विद्यालय के प्रधानाचार्य, स्टाफ एवं ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। जिला स्तर से पात्र विद्यालयों की तीन वरीयता के नाम राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर को प्रेषित किये गए हैं।

# नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री खर्रा का एक दिवसीय दौरा

**सीकर** (निसं)। सीकर जिले के श्रीमाधोपुर क्षेत्र में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने रविवार को एक दिवसीय दौरा कर कई विकास कार्यों की सौगात दी। राज्य मंत्री खर्रा ने फुटाला पंचायत के खुर्रमपुरा गांव में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण की आधारशिला रखी।

कार्यक्रम की शुरुआत पंडित द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात मंत्री ने अनावरण पट्टिका का उद्घाटन कर फीता काटते हुए निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन भामाशाह प्रभुदयाल जांगिड़ के सहयोग से करीब 50 लाख रूपये की लागत से निर्मित किया जाएगा। फिलहाल सरकारी स्कूल के एक कमरे में संचालित हो रहा यह केन्द्र जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए भवन में शिफ्ट होगा। भवन के लिए जमीन काफी मात्रा में विभाग के पास है,जिस पर इस भवन का निर्माण होगा और इस भवन निर्माण में लगने वाली सम्पूर्ण राशि भामाशाह जांगिड़ द्वारा वहन की जायेगी।

■ उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण की रखी आधार शिला

■ आधार शिला अनावरण पट्टिका का शुभारंभ किया

■ भामाशाह प्रभुदयाल जांगिड़ के सहयोग से बनेगा स्वास्थ्य केन्द्र का भवन

राज्य मंत्री खर्रा ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है और यह भवन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

राज्य मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने बताया कि भविष्य में सरकार श्रीमाधोपुर क्षेत्र में कई और विकास योजनाएं लागू करने जा रही है। इनमें प्रमुख रूप से सड़क एवं आधारभूत संरचना का विकास के तहत ग्रामीण सड़कों को पक्का किया जाएगा, साथ ही मुख्य बाजार क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण और चौड़ाईकरण भी प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि शिक्षा सुविधाओं का विस्तार,स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को अपग्रेड किया जाएगा तथा टेलीमेडिसिन सेवाएँ शुरू की जाएंगी और एम्बुलेंस सेवाओं की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। उन्होंने पेयजल और स्वच्छता पर बोलते हुए कहा कि हर घर नल योजना को तेजी से लागू किया जा रहा है,जल्द ही क्षेत्र को यमुना नहर का पानी सिंचाई एवं पेयजल के लिए मिलेगा। उन्होंने कहा कि कृषि और किसान कल्याण के तहत किसानों के लिए नए कृषि प्रशिक्षण केन्द्र, मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं और सिंचाई योजनाओं का विस्तार किया जाएगा। इन सभी योजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र को सामाजिक, शैक्षिणक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

इस दौरान गांववासियों ने राज्य मंत्री खर्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। डीजे की धुनों पर पुष्पवर्षा के साथ साफा और माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

# फ्रेशर्स पार्टी का भव्य आयोजन

**सीकर** (निसं)। श्री कल्याण राजकीय मेडिकल कॉलेज, सीकर में 2023 बैच के छात्रों द्वारा नवप्रवेशित 2024 बैच के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। यह आयोजन कॉलेज के सभागार में उत्साह, उल्लास और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। फ्रेशर्स पार्टी का उद्देश्य नए विद्यार्थियों का स्वागत करना, उन्हें कॉलेज परिवेश से परिचित कराना, और सीनियर-जूनियर के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात कॉलेज के छात्रों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई। नृत्य, संगीत, फैशन शो एवं कविता पाठ जैसे कार्यक्रमों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। 2024 बैच के विद्यार्थियों ने भी पूरे उत्साह के साथ मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे उनके आत्मविश्वास और जोश का परिचय मिला। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर का चयन रहा, जिसमें प्रतिभागियों को विभिन्न राउंड्स से गुजरना पड़ा, जिसमें उन्हें उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व के आधार पर परखा गया।

# भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया

**चूरू** (निसं)। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के चुरू आवास पर भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर चूरू नगर मंडल की ओर से पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के डीएनए में ही राष्ट्रवाद है जन संघ से लेकर आज तक के सफर में भाजपा ने अनेक उतार चढ़ाव देखे हैं परंतु इस पार्टी ने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया पार्टी की स्थापना से लेकर आज तक इस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवाद के भावना के साथ कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज विश्व में भारत की आवाज को महत्व दिया जाता है। उन्होंने कहा कि देश की जनता के आशीर्वाद से आज भाजपा तीसरी बार सत्ता में पहुंची है भाजपा के लिए सत्ता सेवा का साधन है उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा धारा 370 ट्रिपल तलाक रामलला मंदिर निर्माण एवं वक्फ बोर्ड अधिनियम जैसी उपलब्धियां की चर्चा करते हुए कहा कि आज देश मेंइस प्रकार के सुधारात्मक कार्य किया जा रहे हैं और देश के लोग अपना समर्थन इन नीतियों को दे रहे हैं इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आज जो सफर तय किया गया है उसके पीछे उन लाखों करोड़ों कार्यकर्ताओं का हाथ है जिन्होंने बगैर किसी स्वार्थ के लगातार पार्टी की सेवाएं की एवं पार्टी को मजबूत बनाया।

भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर चूरू नगर मंडल की ओर से पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया।

उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज की कांग्रेस मोदी विरोध में देश विरोध पर उतर आई है।इस अवसर पर बोलते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर हम सब कार्यकर्ताओं को यह संकल्प लेना चाहिए की जिस उद्देश्य के साथ इस पार्टी की स्थापना हुई है उसे उद्देश्य की प्राप्ति हम जल्द से जल्द करें उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जहां एक सामान्य व्यक्ति बड़े से बड़े पद तक पहुंच सकता है भाजपा एक मात्र ऐसी पार्टी है जहां हर वर्ग के लोगों को आगे बढने का मौका मिलता है।

इस पार्टी ने गरीब किसान और मजदूर को ध्यान में रखकर नीतियां बनाई है जिससे आज देश विकसित होने की ओर बढ़ रहा है उन्होंने कहा कि बाबा साहब के सपने को भाजपा सरकार साकार कर रही है उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा तोड़ने की राजनीति की है जबकि भाजपा ने हमेशा जोड़ने की राजनीति की है ।कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता ओम सरस्वत फतेह चंद सोती, टोपन दास नंदवानी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर वयोवृद्ध भाजपा नेता टोपन दास नंदवानी का अभिनंदन किया गया।उन्होंने जनसंघ से भाजपा तक के अपने संस्मरण सुनाए।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र राकसिया ने व संचालन सुरेश सारस्वत ने किया।

कार्यक्रम में प्रधान दीप चंद्र राहड़ नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा दौलत तंवर जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया भास्कर शर्मा, स्थापना दिवस कार्यक्रम के जिला संयोजक नरेंद्र काछवाल, प्रधान संतोष मेघवाल, नरेंद्र कंवल, नरेंद्र सैनी , नौरंग वर्मा सुशील लाटा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रभा धंधावत, हेमसिंह शेखावत, किशन आसेरी, रघुनाथ खेमका, दिनेश शर्मा,विजय शर्मा, ओम इंदौरिया,पवन चांवरिया, भाजयुमो जिला अध्यक्ष गोपाल बालन, महेश मिश्रा रमेश शर्मा नोमान खान प्रकाश नायक सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंबेडकर जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी

**पाटन** (निसं)। डॉ. भीमराव अंबेडकर मानव कल्याण संस्थान (छात्रावास), नीमकाथाना में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में विभिन्न शैक्षिणक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में बाबा साहेब के विचारों और उनके योगदान के प्रति जागरूकता फैलाना है।

संस्थान की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार प्रतियोगिताएं तीन स्तरों पर आयोजित की जाएंगी- प्राथमिक (कक्षा 6 से 8), माध्यमिक (कक्षा 9 से 12) और कॉलेज स्तर। प्रतिभागी 10 अप्रैल 2025 को प्रातः 9:00 बजे तक संस्थान में आकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

**आम सूचना** सर्व साधारण को मेरे अभिभाष्य श्री छोटूराम पुत्र श्री मूंगाराम निवासी सुजडौला तहसील पिलानी जिला झुंझुनूं की ओर से सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य का पुत्र विकास कुमार मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है तथा मनमर्जी करता है जिस कारण मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र विकास कुमार को सभी प्रकार के सामाजिक, आर्थिक सम्बन्ध समाप्